# राजभाषा प्रकोष्ठ
## HINDI CELL
## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई-मेल : hindicell2015@gmail.com
दूरभाष क्र. : (07582) 297118


क्र. राभाप्र/31/2024/2198 — 02 सितम्बर, 2024

## परिपत्र

सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से विश्वविद्यालय में इस वर्ष भाषा पर्व-हिन्दी दिवस को **'हिन्दी पखवाड़ा'** के रूप में आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 14 सितम्बर, 2024 से आरम्भ होकर 25 सितम्बर तक होने वाले इस हिन्दी पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है –

### कार्यक्रम विवरण
(दिनांक 14.09.2024 से 25.09.2024 तक)

| क्र. | तिथि | कार्यक्रम विवरण | समन्वयक/निर्णायक | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14 सितम्बर, 2024 (शनिवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे | *गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत मण्डपम, नई दिल्ली में आयोजित हिन्दी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का प्रसारण। (मंत्रालय से कार्यक्रम की लिंक प्राप्त होने पर सभी को परिचालित की जाएगी।) | डॉ. रूपेन्द्र जुगल चौरसिया प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ | गौर समिति कक्ष कुलपति सचिवालय |
| 2. | 17 सितम्बर, 2024 (मंगलवार) अपराह्न 03.00 बजे | **स्व-रचित रचना पाठ** विश्वविद्यालय परिवार के हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा-भाषी सदस्यों द्वारा ('भारतीय भाषा प्रकोष्ठ' एवं 'हिन्दी क्लब' के सौजन्य से) | प्रो. देवाशीष बोस डॉ. संजीव सर्राफ उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राकेश सोनी सहायक प्राध्यापक | अभिमंच सभागार |
| 3. | 18 सितम्बर, 2024 (बुधवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे | **हिन्दी चित्रकला प्रतियोगिता** विषय: भारत की भाषायी एवं सांस्कृतिक विविधता। (विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु) | डॉ. सुप्रभा दास सहायक प्राध्यापक (ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग) | ललित एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग |
| 4. | 19 सितम्बर, 2024 (गुरूवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे | **हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता** (केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-04 के विद्यार्थियों हेतु) | प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-04 | केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-04 |
| 5. | 20 सितम्बर, 2024 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे | **हिन्दी टंकण प्रतियोगिता** (विश्वविद्यालय के नियमित एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों हेतु) | डॉ. के. कृष्णा राव वरिष्ठ तकनीकी सहायक परीक्षा शाखा | कम्प्यूटर प्रयोगशाला जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय |
| 6. | 23 सितम्बर, 2024 (सोमवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे | **आशुभाषण प्रतियोगिता** (विश्वविद्यालय के अधिकारियों हेतु) | श्री आशीष तिवारी सहायक कुलसचिव | गौर समिति कक्ष कुलपति सचिवालय |
| 7. | 24 सितम्बर, 2024 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे | **टिप्पण, प्रारूपण एवं कार्यालयीन पत्राचार पर कार्यशाला** (विश्वविद्यालय के समस्त अवर श्रेणी लिपिक-LDCs हेतु) | श्री संतोष सोहगौरा संयुक्त कुलसचिव | रंगनाथन सभागार पुस्तकालय विस्तार भवन |
| 8. | 25 सितम्बर, 2024 (बुधवार) पूर्वाह्न 11.30 बजे | ***पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह अध्यक्षता- मान. कुलपति महोदया** | हिन्दी अधिकारी | गौर समिति कक्ष कुलपति सचिवालय |

*कार्यक्रम विवरण पृथक से जारी किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के समस्त सम्माननीय शिक्षकों, अधिकारियों, एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेकर राजभाषा को सशक्त कर हिन्दी पखवाड़ा को सफल बनाएँ।

नोट-

1- दिनांक 20 एवं 23 सितम्बर को आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम पुरस्कार ₹1000/- द्वितीय पुरस्कार ₹700/- एवं तृतीय पुरस्कार ₹500/- का नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र तथा शेष प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे।

2- समस्त प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र दिनांक 25 सितम्बर, 2024 (बुधवार) को हिन्दी पखवाड़ा के **'पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह'** में प्रदान किया जायेगा।

3- प्रतियोगिताओं के परिणामों हेतु संबंधित प्रतियोगिता के समन्वयक/निर्णायक/सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

4- प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के इच्छुक विद्यार्थियों/शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना नाम प्रतियोगिता/आयोजन समन्वयक/निर्णायक के पास प्रतियोगिता आयोजन तिथि से एक दिन पूर्व अनिवार्य रूप से अंकित करवाना होगा।

5- प्रतियोगिताओं हेतु नियम एवं दिशानिर्देश समन्वयक/निर्णायक द्वारा प्रतियोगिता के पूर्व घोषित किए जायेंगे जो कि समस्त प्रतिभागियों हेतु बाध्यकारी होंगे।

6- प्रतियोगिताओं में 5 से कम प्रतिभागी होने पर संबंधित प्रतियोगिता निरस्त कर दी जावेगी।

02/09/2024

**कुलसचिव (प्र.)**

प्रतिलिपि :

1. समस्त निदेशक / अधिष्ठाता (प्रशासनिक एवं अध्ययनशालाएँ)
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अधिकारी / प्रभारी / शाखा प्रभारी। – कृपया अपने अधीनस्थ अधिकारी / कर्मचारियों को टीप कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी वेबसाइट प्रकोष्ठ / मीडिया अधिकारी – समुचित प्रचार–प्रसार हेतु।
5. प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 04 सागर (म.प्र.)।
6. कुलपति सचिवालय, माननीया कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
7. कुलसचिव जी के निजी सहायक ।
8. अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर (म.प्र.)।
9. संबंधित नस्ती।

**हिन्दी अधिकारी (प्र.)**

**निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। - भारतेंदु हरिश्चंद्र**